मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक

# उल्हास विकास

वर्ष : 42 | अंक : 160 | बुधवार, 11 सितंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4

/ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566

epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

कंगना ने पाली हिल वाला बंगला बेचा

# कल्याण-डोंबिवली में डेंगू-मलेरिया का प्रकोप

## दो महीनों में डेंगू के 288 मामले और मलेरिया के 99 मामले पाए गए

- संदिग्ध 20 हजार नागरिकों के खून की जांच



**कल्याण.** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका सीमा में जुलाई और अगस्त के पिछले दो महीनों में डेंगू के 288 मामले और मलेरिया के 99 मामले पाए गए। मानसून की शुरुआत के बाद से महानगरपालिका स्वास्थ्य केंद्र, बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से महानगर पालिका में रोगियों का पता लगाने के लिए 20 हजार से अधिक नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया था।

मानसून शुरू होने के बाद तरह-तरह की संक्रामक बीमारियाँ बढ़ जाती हैं। चूँकि ये बीमारियाँ मानसून में नियमित होती हैं, इसलिए कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका के महामारी नियंत्रण विभाग को मानसून की शुरुआत के बाद से यह सुनिश्चित करने के लिए कि संदिग्ध रोगियों का इलाज किया जाए और उन्हें समय पर ठीक किया जाए, मनपा सीमा के भीतर एक सर्वेक्षण किया गया था। आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ के आदेश पर चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दीपा शुक्ला, महामारी नियंत्रण अधिकारी डॉ. सर्वेक्षण प्रतिभा पानपाटिल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

जुलाई में मनपा सीमा में कुल 484 संदिग्ध डेंगू मरीज मिले। इनमें 140 मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए। अगस्त में डेंगू के 190 संदिग्ध मरीज मिले। इनमें से 88 मरीज डेंगू से संक्रमित थे। दो महीने की अवधि के दौरान डेंगू के कुल 674 मामले सामने आए। महानगर पालिका द्वारा यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि प्रभावित मरीजों को तत्काल चिकित्सा उपचार मिले।

मनपा सीमा में जुलाई में आठ हजार 697 नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया। इस जांच में 29 मरीज मलेरिया से संक्रमित पाए गए। अगस्त में 9 हजार 640 नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया। इसमें 70 मरीज मलेरिया से संक्रमित पाए गए। मलेरिया के लिए कुल 18 हजार से अधिक नागरिकों का सर्वेक्षण किया गया। लगातार हो रही बारिश के कारण महामारी फैलने से रोकने के लिए शहर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. कीटाणुनाशक और कीटनाशकों का नियमित रूप से छिड़काव किया जाता है।

डोंबिवली पश्चिम में इस वार्ड कार्यालय के सामने एक आवास परियोजना चल रही है। इस हाउसिंग प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए पानी का भंडारण किया गया है. क्षेत्रवासियों ने आशंका जताई है कि यहां के पानी में डेंगू मच्छर का लार्वा बन गया है। इस हाउसिंग प्रोजेक्ट से स टी सुंदराबाई सोसायटी के तीन निवासी डेंगू की चपेट में आ गए हैं। इस सोसायटी के निवासियों ने निवारक उपायों के लिए महानगर पालिका के इस वार्ड कार्यालय के सहायक आयुक्त राजेश सावंत को एक पत्र दिया है।



# रिक्शा चालक ने किया नाबालिग से दुष्कर्म



- रिक्शा चालक गिरफ्तार
- अंबरनाथ, बदलापुर व कल्याण में बढ़ रही घटनाएं
- अंबरनाथ के मोरीवली की घटना
- घर छोड़ने के बहाने डम्पिंग ग्राऊंड ले गया

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक रिक्शा चालक ने 15 साल की नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ की। लड़की को घर छोड़ने के बहाने रिक्शा चालक उसे मोरीवली डंपिंग ग्राउंड में ले गया और उसके साथ बलात्कार किया। इस मामले में शिवाजीनगर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया है. जब लड़की अंबरनाथ पश्चिम से अपने घर जा रही थी, तो रिक्शा चालक ने उसे रिक्शा में बिठाया और घर छोड़ने का वादा किया. हालाँकि, रिक्शा चालक उसे घर ले जाने के बजाय मोरीवली के डंपिंग ग्राउंड में ले गया और उसके साथ अत्याचार किया। प्रताड़ना के बाद जब लड़की घर पहुंची तो उसने अपने माता-पिता को घटना के बारे में बताया, जिसके बाद उन्होंने तुरंत शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के मुताबिक, शिवाजीनगर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और गवाहों की मदद से आरोपी का पता लगाया और रिक्शा चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ POCSO एक्ट और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। इस मामले में आगे की जांच चल रही है और आरोपी को कोर्ट ने पुलिस हिरासत में भेज दिया है. इस घटना के बाद इलाके में डर का माहौल फैल गया है. नाबालिग लड़कियों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं और



अभिभावकों की ओर से भी चिंता व्यक्त की जा रही है. हालांकि पुलिस ने इस तरह की घटना पर तुरंत संज्ञान लिया और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन इस तरह की घटनाओं की बढ़ती संख्या से समाज में बेचैनी पैदा हो रही है. शिवाजीनगर थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अशोक भगत ने कहा है कि इस मामले की गहन जांच चल रही है.

# गणेशोत्सव में राशन की कालाबाजारी अंबरनाथ पूर्व में राशन दुकान सील

- राशन दुकानदार और वाहन चालक गिरफ्तार
- उल्हासनगर में भी कालाबाजारी की शिकायतें

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ पूर्व महालक्ष्मी नगर में एक राशन दुकानदार को गणेशोत्सव में राशन कार्ड धारकों को देने के बजाय वो सरकारी किट और 270 लीटर सोयाबीन मीठा तेल को ब्लैक में बेचने की तैयारी में दुकानदार को रंगे हाथों यहां के निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण गोसावी ने पकड़कर शिवाजी नगर पुलिस के हवाले किया है। अंबरनाथ शिधा वाटप अधिकारी शशिकांत पाटसुते ने दुकानदार सुभाष भारती और कुनदन कुमार गुप्ता के खिलाफ शिवाजी नगर पुलिस में अत्यावश्यक वस्तु अधि. 1995 के कलम 3,7,8 के अनुसार अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। राशन दुकान 46 एफ 1 दुकान को सील कर दिया गया है।

प्रवीण गोसावी ने पुलिस को एक निवेदन देकर कहा है कि संस्था चालक अंबरनाथ मैत्रिणी औद्योगिक उत्पादन सहकारी संस्था मर्यादित भी इसकी जिम्मेदार है। इसलिए उन पर भी पुलिस ने कार्रवाई करना चाहिए. प्रवीण के अनुसार वाहन क्र. एमएच46 बीयू 3635 उपरोक्त राशन दुकान में गणेशोत्सव में देने के लिए सरकार द्वारा भेजे गए अनाज एवं 270 लीटर मिठा तेल के पैकेट वाहन में भर रहा था। ये अनाज और मीठा तेल ब्लैक में बेचने के लिए उल्हासनगर ले जाने वाले थे कि प्रवीण और यहां के निवासियों ने दुकानदार एवं हन चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। ये अनाज और तेल लाखों रुपयों का है ऐसा प्रवीण का अंदाज है। मामले की जांच उपनि. एस.एस. शेख कर रहे हैं।

इस तरह की शिकायत उल्हासनगर शहर में भी कई राशन दुकानदारों की मिल रही है।

## खाड़ी में कूद कर दी जान

**ठाणे.** कलवा खाड़ी ब्रिज से अज्ञात व्यक्ति ने खाड़ी में छलांग लगा कर अपनी जान दे दी. घटना सोमवार रात की है. पुलिस दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर जांच कर रही है.

ठाणे मनपा के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ प्रमुख यासीन तड़वी ने मंगलवार को बताया कि 35 से 40 वर्ष की आयु का व्यक्ति सोमवार रात को कलवा क्रीक में छलांग लगा दी. उन्होंने बताया कि जलस्तर कम होने के कारण वह कलवा क्रीक के दलदली क्षेत्र में फंस गया. जानकारी मिलने पर अग्निशमन दल के जवान एवं क्षेत्रीय आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के सदस्य घटनास्थल पर पहुंचे. व्यक्ति को खाड़ी से बाहर निकाल कर उसे कलवा स्थित मनपा अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

# ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप में कनिष्ठ अभियंता निलंबित

- सोमवंशी जाल में

उल्हास विकास संवाददाता

**कल्याण.** एक ठेकेदार से काम के बदले रिश्वत लेने वाले कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका के सतर्कता और गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के कनिष्ठ अभियंता और प्रयोगशाला सहायक संजय सोमवंशी को आयुक्त डॉ. इंदुरानी जाखड़ ने आनन-फ़ानन में निलंबित कर दिया है.

इंजीनियर सोमवंशी सेवानिवृत्ति के चार महीने बाकी थे और वह रिश्वतखोरी के जाल में फंस गए। सोमवंशी की रिश्वतखोरी के कारण कल्याण डोंबिवली महानगर पालिका में पिछले 25 वर्षों में भ्रष्ट कर्मचारियों की कुल संख्या अब 44 हो गई है।



मनपा मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में एक ठेकेदार से काम के बदले रिश्वत लेते कनिष्ठ अभियंता संजय सोमवंशी का एक वीडियो फुटेज सोमवार दोपहर सोशल मीडिया पर प्रसारित हुआ। ठेकेदारों का कहना है कि सोमवंशी ने सीवर और कंक्रीट सड़क के गुणवत्ता निरीक्षण कार्य के लिए ठेकेदार से यह रिश्वत ली थी। ऐसे में प्रशासन में चल रही चर्चा से यह पता चल रहा है कि सोमवंशी ने रक्षात्मक रुख अपनाते हुए कहा है कि उन्होंने यह राशि ध्वज निधि संग्रह के लिए स्वीकार की है। सोमवंशी से संपर्क किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो सका।

- तत्काल निलंबित

मनपा आयुक्त डॉ. ने बताया कि मनपा मुख्यालय में सतर्कता एवं गुणवत्ता नियंत्रण विभाग के इंजीनियर का रिश्वत लेते ऑडियो विजुअल वीडियो प्रसारित हुआ है. इस मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने जूनियर इंजीनियर संजय सोमवंशी को तत्काल मनपा सेवा से निलंबित कर दिया. कमिश्नर ने तुरंत विभागीय जांच के आदेश दिये. इस जल्दबाजी और आक्रामक कार्रवाई से अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है.

# ईद-ए-मिलाद का जुलूस 18 को

- 17 को है गणेश विसर्जन

**अंबरनाथ.** गणेश विसर्जन एवं ईद-ए-मिलादुन्नबी इस वर्ष एक ही दिन 17 सितंबर को है. इसलिए अंबरनाथ मुस्लिम जमात ने एक बैठक कर ये घोषणा की है कि हमारे हिंदू भाइयों के त्यौहार को देखते हुए ईद-ए-मिलाद का जुलूस 18 सितंबर को निकाला जाएगा.

गैबन शाह वली दर्गा से जुलूस निकलकर शहर पश्चिम में गश्त करते हुए दर्गा पर ही रात 10 बजे समाप्त किया जाएगा. इस जुलूस में हर वर्ष हजारों मुसलमान शामिल होते हैं. 16 सितंबर सोमवार को शहर की तीनों मस्जितों में दुरुद व सलाम और फातिहाख्वानी का आयोजन किया गया है. 18 सितंबर बुधवार को हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जियारत-ए-मुअे मुबारक का प्रबंध सुबह से दोपहर 3 बजे तक गैबन शाह वली दर्गा के आंगन में होगा. 18 को ही बाकड़ा कमेटी दर्गा की ओर से 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक दर्गा पर लंगर-ए-आम का प्रबंध किया गया है. रविवार 15 सितंबर को रात से सुबह फजर तक दावत-ए-इस्लामी की ओर से महफिल-ए-मिलाद का आयोजन ग्लोब बन्क्वेट हॉल, शास्त्री हिंदी विद्यालय के समक्ष किया गया है. इस कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की गई है.

# उमनपा का अतिक्रमण विरोधी अभियान

**उल्हासनगर.** गणेशोत्सव के मद्देनजर, शहर में बढ़ती यातायात भीड़ और फुटपाथों पर अतिक्रमण की समस्या को हल करने के लिए उल्हासनगर मनपा ने अतिक्रमण विरोधी अभियान शुरू किया है। मनपा क्षेत्र में अनाधिकृत फेरीवालों से लेकर गैरेज और सर्विस सेंटरों तक अतिक्रमण हटाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है.

उल्हासनगर मनपा द्वारा एक कदम उठाते हुए शहर की प्रमुख सड़कों, चौराहों और फुटपाथों पर अनधिकृत व्यवसायों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है। यह





अभियान मनपा आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन में अतिरिक्त आयुक्त किशोर गवस के नेतृत्व में है और उनके मार्गदर्शन में सभी 4 वार्ड समितियों के सहायक आयुक्तों को अपने क्षेत्र में सड़कों से अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट आदेश दिए गए हैं।

इस अभियान में अब तक 1 लाख 60 हजार 700 रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गयी है. अतिक्रमण विभाग के मुख्य अधिकारी गणेश शिंपी के मुताबिक यह अभियान सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि गणेशोत्सव के दौरान हर दिन चलाया जाएगा. ताकि सड़क पर यातायात की भीड़ से बचा जा सके और नागरिकों को गणेशोत्सव के दौरान सुविधाजनक और सुचारू यातायात का अनुभव हो सके।

हालांकि अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई से स्थानीय व्यापारियों में असंतोष है, लेकिन मनपा के अधिकारियों का कहना है कि यातायात प्रबंधन और नागरिकों की सुविधा के लिए कार्रवाई जरूरी है. मनपा के इस अभियान को नागरिकों के सहयोग की जरूरत है. मनपा ने शहर के सभी व्यवसायियों से अपील की है कि वे अपना व्यवसाय स्थल निर्धारित सीमा के भीतर रखें और सार्वजनिक स्थानों पर अनाधिकृत व्यवसाय से बचें।

# पूर्व शिवसेना नगरसेवक मोहन उगले के खिलाफ मामला दर्ज

**कल्याण.** फड़के चौक वार्ड में पानी की समस्या को लेकर आयुक्त कक्ष के सामने अर्धनग्न भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व शिवसेना नगरसेवक मोहन उगले के खिलाफ मनपा सुरक्षा अधिकारियों की शिकायत पर बाजार पेठ पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज कर लिया है।

पिछले कुछ महीनों से फड़के चौक क्षेत्र में पर्याप्त दबाव से जलापूर्ति नहीं हो रही है. शुक्रवार को पूर्व नगरसेवक मोहन उगले मनपा मुख्यालय आये. वे कमिश्नर कक्ष में घुस गए और अर्धनग्न अवस्था में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। कमिश्नर हॉल के बाहर सुरक्षा अधिकारी सरिता चरेगांवकर ने उगले को वहां से जाने के लिए कहा. उन्होंने जाने से इनकार कर दिया. यह घटना मनपा मुख्यालय के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई. इस सबूत के आधार पर मनपा अधिकारियों के निर्देश पर सुरक्षा अधिकारियों ने मोहन उगले के खिलाफ बाजार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई.

# महायुति सरकार ने 4 दिन में निकाले 370 GR

- विधानसभा से पहले गांवों पर फोकस
- शिंदे सराकर के फैसलों की बारिश



**मुंबई.** आगामी विधानसभा चुनाव के लिए सभी राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से तैयारी कर रही हैं. राज्य में अपनी सरकार वापस लाने के लिए महायुति की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं. दूसरी ओर, महाविकास अघाड़ी राज्य में अपनी ताकत लाने की कोशिश कर रही है. गठबंधन सरकार द्वारा जनता के लिए विभिन्न योजनाएं लाई जा रही हैं, जीआर जारी किए जा रहे हैं। जानकारी सामने आई है कि महायुति सरका ने 4 दिनों में 370 जीआर निकाले हैं.

मिली जानकारी के मुताबिक, सितंबर के पहले 9 दिनों में महायुति सरकार ने करीब 484 सरकारी आदेश या जीआर जारी किए. इसमें से सरकार ने 4, 5, 6 और 9 सितंबर के चार दिनों में 370 जीआर निकाला है. उसमें से सरकार ने 4 और 5 सितंबर को 118-118 जीआर जारी किए हैं.

जैसे-जैसे राज्य और राज्य के सभी राजनीतिक दल विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रहे हैं, सरकार की ओर से महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं। पिछले दो माह से राज्य में जीआर की संख्या बढ़ती जा रही है. इस साल अब तक जीआर की संख्या के आंकड़ों से पता चलता है कि इस साल की शुरुआत में लोकसभा चुनाव से पहले के महीनों में जीआर की संख्या में वृद्धि हुई है। मार्च महीने में जब लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई तो जीआर की संख्या बहुत ज्यादा थी.

चुनाव के लिए मतदान की तारीख की घोषणा के बाद आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। यानी योजनाओं को मंजूरी नहीं दी जा सकती. लेकिन योजनाओं के लिए संवितरण जारी रह सकता है। इसलिए सरकार मतदान की तारीखों की घोषणा से पहले जितनी संभव हो उतनी योजनाएं शुरू करने की कोशिश कर रही है। इसमें सरकारी योजनाओं से संबंधित अधिकतर जीआर सितंबर में जारी किये गये हैं. महायुति सरकार ने एक से नौ सितंबर के बीच 484 जीआर जारी किये हैं. क्योंकि राज्य विधानसभा चुनाव के लिए तैयार है. अधिकारियों का कहना है कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद योजनाओं की प्रशासनिक मंजूरी नहीं दी जा सकती, लेकिन चालू योजनाओं के लिए वित्तीय वितरण जारी रखा जा सकता है।

**2024 में जारी जीआर**

| | |
|---|---|
| जनवरी | 1,643 |
| फरवरी | 2049 |
| मार्च | 3,597 |
| अप्रैल | 359 |
| मई | 369 |
| जून | 734 |
| जुलाई | 1576 |
| अगस्त | 2001 |
| सितम्बर | 484 |

**किस विभाग के कितने जारी किये जीआर**

| | |
|---|---|
| ग्रामीण विकास | 103 |
| राजस्व | 53 |
| पर्यटन और सांस्कृतिक मामले | 29 |
| लोक निर्माण | 27 |
| सार्वजनिक स्वास्थ्य | 26 |
| स्कूल शिक्षा | 22 |
| उच्च एवं तकनीकी शिक्षा | 20 |
| कृषि खाता | 16 |
| जल संसाधन (सिंचाई) | 14 |
| शहरी विकास | 13 |

# मनपा कर्मचारियों का वेतन 31 को, लेकिन 2 हजार विकलांग भत्ते से वंचित!

**उल्हासनगर.** उल्हासनगर महानगर पालिका में कार्यरत 2200 कर्मचारियों और 1800 सेवानिवृत्त लोगों को पहली बार 31 अगस्त को वेतन का भुगतान किया गया. इसलिए गणेशोत्सव के मौके पर कर्मचारियों में खुशी का माहौल है. वहीं, विधायक बच्चू कडू की प्रहार जन शक्ति पार्टी के ठाणे जिला अध्यक्ष एड. स्वप्निल पाटिल का आरोप है कि 2199 दिव्यांगों को उनके मासिक मानधन से वंचित रखा गया है.

2 सितंबर को आयुक्त पद का कार्यभार संभालने वाले विकास ढाकने ने कहा कि गणेशोत्सव के दौरान कर्मचारियों को अपने गांव जाना पड़ता है, खरीदी गई विभिन्न वस्तुओं और लोन की किश्तों का भुगतान करना होता है. इसको ध्यान में रखते हुए उन्होंने मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे, मुख्य लेखा अधिकारी शरद देशमुख को निर्देश दिया कि 1 सितंबर को कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों के वेतन का भुगतान हो. हालाँकि, 1 सितंबर को छुट्टी होने के कारण, किरण भिलारे और शरद देशमुख ने 31 अगस्त को कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के खातों में अपना वेतन जमा किया।





2018 से दिव्यांगों को 1,000 रुपये का भुगतान किया जाता था, 2022 में जिसे बढ़ाकर 1,500 रुपये कर दिया गया. इस बारे में जब मुख्य लेखा अधिकारी किरण भिलारे से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि निःशक्तजन कल्याण विभाग से कोई बिल नहीं मिला है।

निःशक्तता विभाग के प्रमुख राजेश घनघाव से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि निःशक्तजन के खाते में हर महीने समय पर पारिश्रमिक जमा कर दिया जाता है. लेकिन दिव्यांग विभाग के लिपिक का चुनाव कार्य के लिए तहसील कार्यालय में किया गया है, जिसके कारण बिल निकाला नहीं जा सका है.

राजेश घनघाव ने बताया कि लिपिक को महानगर पालिका में भेजने का अनुरोध किया गया है और उनके आते ही तत्काल बिल निकालकर मुख्य लेखाधिकारी किरण भिलारे को सौंप दिया जाएगा।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## पैरालंपिक में भारत की उड़ान

अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भारत के प्रदर्शन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहे हैं कि इतने बड़े देश के खिलाड़ी उपलब्धियों की कसौटी पर पीछे क्यों रह जाते हैं। हाल ही में पेरिस में हुए ओलंपिक में पदक-तालिका में भारत की स्थिति को लेकर मायूसी, चिंता और अफसोस की स्थिति देखी गई। मगर अब पेरिस में ही हुए पैरालंपिक खेल प्रतियोगिता में भारत को जिस तरह की कामयाबी मिली है, उसे अब तक के ऐसे आयोजन में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है।

गौरतलब है कि इस बार 2024 के पेरिस पैरालंपिक में भारत के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और पहले के मुकाबले सबसे ज्यादा पदक जीतने का कीर्तिमान बनाया। भारत के हिस्से में कुल उनतीस पदक आए, जिसमें सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक हैं। इससे पहले तोक्यो पैरालंपिक में भारत ने उन्नीस पदक जीते थे। कहा जा सकता है कि वक्त के साथ भारत के खिलाड़ियों की क्षमता में गुणात्मक सुधार आया है और यह गहरी प्रतिबद्धता और मेहनत का नतीजा है।

यह सही है कि पैरालंपिक और ओलंपिक में खेल और उसमें पदकों की अहमियत के स्तर अलग-अलग हैं। ओलंपिक में जहां खिलाड़ी के शरीर की क्षमता का परीक्षण होता है, तो पैरालंपिक में हिस्सा लेने वाले दृढ़ संकल्प और साहस की कसौटी पर आंके जाते हैं। इसमें यह भी उजागर होता है कि शारीरिक रूप से अन्य तरह से सक्षम खिलाड़ियों की खोज, उनके प्रशिक्षण, उन्हें मिलने वाली सुविधाएं, अवसर और उन पर खर्च के मामले में देश की सरकार ने कैसा रुख अपनाया है।

पिछले दो दशकों के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों का रुख सकारात्मक रहा है। इसका साफ असर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन पर देखा जा रहा है, जहां भारतीय खिलाड़ी खेलों की दुनिया में उम्मीद की राह बना रहे हैं। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि खेल का मैदान इसीलिए होता है कि उसमें जीत हासिल करने के लिए ज्यादा से ज्यादा कोशिश की जाए। जीत गए तो उससे बेहतर करने और नहीं जीते तो अगली बार जीत के लिए फिर से खुद को तैयार करने की राह पर चलते रहने की प्रक्रिया जारी रखी जाए।

# अंदर-बाहर से कटु हमले झेल रही केरल की वाम सरकार

केरल में पिछले कुछ हफ्तों में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनसे मुख्यमंत्री पी विजयन की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं। सीपीएम के नेतृत्व वाली इस सरकार का समर्थन करने वाले निर्दलीय विधायक पी वी अनवर ने ही विरोध का झंडा उठा रखा है, जिसके कारण अटकलों का बाजार गरम है कि कहीं यह किसी अंदरूनी साजिश का नतीजा तो नहीं? देखा जाए, तो इस वर्ष के आम चुनाव में भाजपा के बेहतर प्रदर्शन के बाद से केरल की राजनीति में उथल-पुथल मची हुई है। इस चुनाव में एक सीट जीतकर भाजपा न सिर्फ अपना खाता खोलने में सफल रही, बल्कि साल 2019 के 15.64 फीसदी के मुकाबले उसने अपना मत-प्रतिशत भी बढ़ाकर 19.25 कर लिया। वाम मोर्चा भी सिर्फएक सीट जीत सका, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ को 18 सीटें मिलीं। वाम मोर्चे ने शानदार तरीके से पिछला दोनों विधानसभा चुनाव जीता है और 2026 के चुनाव में उसे भारी सत्ता विरोधी रुझानों का सामना करना पड़ सकता है।



राजनीतिक गहमागहमी के बीच, पिछले हफ्ते अनवर ने राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अजीत कुमार और मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव पी शशि पर सीधा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि अजीत कुमार के इशारे पर कुछ राजनेताओं व मंत्रियों के फोन रिकॉर्ड किए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल सहित सोलर घोटाले के कई आरोपी इसलिए छूट गए, क्योंकि अजीत कुमार ने अपने प्रभाव का बेजा इस्तेमाल किया। हालांकि, जब वह ये आरोप लगा रहे थे, तभी यह भी खुलासा हुआ कि मई 2023 में अजीत कुमरी ने राष्ट्रीय स्वसंवेक संघ के वरिष्ठ नेता दत्तात्रेय होसबोले के साथ निजी मुलाकात की थी, जिसकी पुष्टि बाद में उन्होंने स्वयं भी की।

अनवर ने पुलिस अधीक्षक सुजीत दास पर भी अपने कार्यालय में पेड़ों की अवैध कटाई करने, सोने की तस्करी में मदद करने और हत्या व गुमशुदगी की साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने उस मोबाइल बातचीत की रिकॉर्डिंग भी जारी की, जिसके बारे में उन्होंने दावा किया कि यह उनके व पुलिस अधीक्षक के बीच की बातचीत है और पुलिस अधीक्षक दावा कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव ने एडीजीपी को खुली छूट दे रखी है। इसके बाद कांग्रेस विरोध-प्रदर्शन पर उतर आई, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने सुजीत दास को निलंबित कर दिया और मामले की जांच के आदेश दे दिए। हालांकि, तनातनी उस वक्त बढ़ गई, जब अनवर ने पी शशि पर भी अपनी मर्जी से काम करने का आरोप लगाया। सचिव मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं, फिर भी मुख्यमंत्री ने अनवर से मुलाकात की और उनके आरोपों को सुना। हालांकि, सवाल यह भी है कि अनवर ने मोर्चे के संसदीय दल के भीतर आवाज उठाने के बजाय सार्वजनिक तौर पर यह सब क्यों कहा? फिर, कांग्रेस क्यों इस पर आंदोलित है, जबकि अनवर और उसमें छत्तीस का रिश्ता रहा है?

बहरहाल, हेमा समिति की रिपोर्ट (मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं की दुर्दशा बताने वाली रिपोर्ट) से घिरी विजयन सरकार अब अनवर व विपक्षी नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद मुश्किलों में पड़ती दिख रही है। अनवर के आरोपों के पीछे कौन सी सियासत है, इसका गुणा-भाग भी किया जा रहा है। कुछ लोगों का मानना है कि यह सब नाराज सीपीएम नेताओं की करतूत हो सकती है, तो कुछ की नजर में अंदरूनी कलह का नतीजा। पार्टी नेताओं का एक धड़ा पी शशि को लेकर सावधान है, क्योंकि वह बहुत ताकतवर हो रहे हैं और अगला विधानसभा चुनाव भी लड़ सकते हैं। कारण जो भी हो, पी विजयन अपने दूसरे कार्यकाल के अंतिम चरण में कई चुनौतियों से जूझ रहे हैं। कनाडा के शिक्षाविद निसिम मन्नथुकरन का अध्ययन बताता है कि केरल चुनावी तौर पर बेशक आज भी समाजवाद का पक्षधर है, लेकिन इसकी विचारधारा में व्यापक बदलाव हो रहा है। पूरे देश में उपभोग पर सर्वाधिक खर्च करने वाला यह राज्य अपने समान सूबों में कहीं अधिक उपभोक्तावादी और आकांक्षी है। निसिम का निष्कर्ष यही है कि यहां की सोच अब बदल गई है। युवा पीढ़ी अब बुजुर्गों से कहने लगी है कि वे 'जीवन का आनंद' लें, क्योंकि 'आप केवल एक बार जीते' हैं।



जिस उच्चतम लक्ष्य के प्रति हम स्वयं को समर्पित कर सकते हैं, वो है मानव एकता।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# अपने ही सवालों से घिरी ममता

कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्याकांड पर उभरे जनाक्रोश को ममता बनर्जी विपक्षी दलों का उकसावा बता कर अपना बचाव करने की कोशिश करती रही हैं। केंद्र सरकार पर आरोप लगाती रही हैं कि वह पश्चिम बंगाल में अव्यवस्था फैलाने का प्रयास कर रही है। इसे लेकर उन्होंने खुद एक रैली भी निकाली थी। मगर अब उन्हें अपने ही लोगों के सवालों का जवाब देना भारी पड़ रहा है। तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार ने अपनी सदस्यता से इस्तीफा देते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखा है।

उन्होंने लिखा है कि कोलकाता चिकित्सक मामले में राज्य सरकार ने काफी देर से और अपर्याप्त कदम उठाए। इससे उनका पार्टी और मुख्यमंत्री के कामकाज से मोहभंग हो गया है। मुख्यमंत्री राज्य सरकार के भ्रष्टाचार और नेताओं के एक वर्ग के बल प्रयोग की रणनीति से बिल्कुल बेपरवाह हैं। यह पहला मौका नहीं है, जब जवाहर सरकार ने पार्टी में चल रही गलत गतिविधियों पर आपत्ति दर्ज कराई। हालांकि एक पार्टी प्रवक्ता ने कहा है कि जवाहर सरकार के उठाए मुद्दों पर पार्टी ध्यान देगी और सकारात्मक कदम उठाएगी। मगर ममता बनर्जी इस पर कितनी गंभीरता दिखाएंगी, फिलहाल कहना मुश्किल है।



कोलकाता चिकित्सक हत्या मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी कुछ तीखे सवाल किए थे। उनमें सबसे अहम सवाल है कि घटना के बाद कार्रवाई करने में देर क्यों की गई। हालांकि ममता बनर्जी कहती रहीं कि वे आंदोलनकारियों की भावनाओं की कद्र करती हैं। उन्होंने शुरू में ही सीबीआइ जांच पर सहमति दे दी थी। कुछ संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने माना है कि मामले की जांच सही दिशा में चल रही है। मगर जांचों में जिस तरह के तथ्य सामने आ रहे हैं, उससे राज्य सरकार की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठते हैं। उसमें गंभीर अनियमितताएं उजागर हुई हैं।

इसके बावजूद अगर मुख्यमंत्री विरोध प्रदर्शनों में राजनीति देख रही हैं, तो इससे उनके मामले पर पर्दा डालने की कोशिश ही पता चलती है। घटना के इतने दिन बीत जाने के बाद और सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बावजूद अगर वहां विरोध प्रदर्शन नहीं रुक रहे, चिकित्सक अपने काम पर नहीं लौटे हैं, तो उनकी नाराजगी स्वतःस्फूर्त है। वह अनेक अनियमितताओं और सरकार की गलत नीतियों या फैसलों, कार्यशैली से पैदा हुई है। उसे सियासी चश्मे से देखने से स्थितियां बदल नहीं जाएंगी।

यह छिपी बात नहीं है कि ममता सरकार पर कई गंभीर अनियमितताओं के आरोप लगे। शिक्षा घोटाले में उनके मंत्री को जेल जाना पड़ा, कोयला खदान में अनियमितता के आरोप खुद उनके भतीजे पर हैं। फिर उनके पार्टी कार्यकर्ता किस तरह सरकारी योजनाओं का फायदा उठाते और लोगों को डरा-धमका कर अपने पक्ष में करने की कोशिश करते रहे हैं, इसके भी कई उदाहरण हैं।

इन सबके चलते अगर पार्टी के एक वरिष्ठ सदस्य का मोहभंग हुआ है, तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि आम लोगों में किस तरह की प्रतिक्रिया उभरती होगी। इसलिए जवाहर सरकार का इस्तीफा और चिट्ठी ममता बनर्जी के लिए अपनी कार्यशैली के मूल्यांकन का अवसर है। अगर इसे भी वे सियासी चश्मे से देखने का प्रयास करेंगी, तो सुधार का मौका गंवा देंगी। चिकित्सक बलात्कार और हत्या मामले के बाद ममता बनर्जी सरकार पर लोगों का भरोसा काफी कमजोर हुआ है। उसे कैसे फिर से हासिल करना है, यह उन्हें ही तय करना होगा।

# दुनिया की सबसे खतरनाक चिड़िया कौन-सी है?

दक्षिणी कैसोवरी एक सुंदर सा दिखने वाला बड़ा सा पक्षी है जो अपने खतरनाक पंजों और उससे करने वाले हमलों के लिए जाना जाता है. इस पक्षी की किलगी आकर्षित करती है जो इसे दूसरे पंछियों से बहुत अलग बनाती है. एक बार देखने पर लगता है कि इसकी चोंच ज्यादा खतरनाक होगी, लेकिन असल में के पंजे ज्यादा खतरनाक होते हैं जिनसे ये हमला करता है. हाल ही में दुनिया के इसके एक जोड़े ने बच्चे को ब्रिटेन में जन्म दिया है जिससे ये सुर्खियों में है.

दक्षिणी कैसोवरी इंडोनेशिया उत्तरी ऑस्ट्रेलिया

**जरा हट के**

और न्यू गिनी का मूल निवासी है. हाल ही में ग्लूस्टरशायर के अप्रत्याशित स्थान पर एक नया बच्चा पैदा हुआ है. 25 सालों से, बॉर्टन-ऑन-द-वाटर में बर्डलैंड इस घातक पक्षी को पालने की कोशिश कर रहा था और आखिरकार उसे उड़ने में असमर्थ पक्षी के जन्म के बाद



इसका इनाम मिला. पार्क के एक रखवाले एलिस्टेयर कीन ने कहा, ₹जब हमने पहली बार इस छोटे से चूजे को देखा तो यह वाकई एक बहुत ही खास पल था. कैसोवरी को दुनिया के सबसे खतरनाक पक्षियों में से एक माना जाता है और उनके आकार, गति और शक्ति के साथ उनके खंजर जैसे, 10 सेमी के पंजे का मतलब है कि हमें उनकी देखभाल बेहद गंभीरता से करनी होगी. दक्षिणी कैसोवरी पक्षी छह फीट तक लंबे हो सकते हैं. उन्होंने चीजों को चीरने की अपनी खास काबिलियत के कारण ग्रह पर सबसे खतरनाक के रूप में ख्याति अर्जित की है. शुतुरमुर्ग और इमू के बाद वे तीसरे सबसे लंबे पक्षी हैं. बड़े आकार के पक्षी का वजन 76 किलोग्राम तक हो सकता है और इसके तीन पंजे वाले पंजों के पीछे एक बड़ा पंजा होता है. 2019 में, एक बंद कैसोवरी की लात ने फ्लोरिडा में एक व्यक्ति की जान ले ली थी, जबकि वेलोसिरैप्टर जैसे जानवरों के लोगों के गले काटे जाने के रिकॉर्ड हैं. बर्डलैंड में हुआ यह जन्म इस साल यूरोप में पहला और 201 के बाद यूके में होने वाला पहला जन्म है. इसके माता-पिता 2012 से बर्डलैंड में हैं और यूरोपीय लुप्तप्राय प्रजाति कार्यक्रम नामक एक कार्यक्रम का हिस्सा हैं.

# डस्टबिन साफ करने के लिए 5 स्टेप करें फॉलो

- जर्म्स का होगा सफाया
- मिनटों में दूर होगी बदबू

घर-घर में कूड़ा-कचरा फेंकने के लिए डस्टबिन लोग रखते हैं. किचन, टॉयलेट, रूम आदि में डस्टबिन रखते हैं. इसमें कचरा फेकते जाएं और इसे कई दिनों तक कूड़े वाले को ना दें तो इसमें से गंदी सी बदबू आने लगती है. ये बदबू पूरे घर में धीरे-धीरे फैल जाती है. इससे बैठना भी मुश्किल हो जाता है. गर्मियों के मौसम में तो डस्टबिन की सफाई ना की जाए तो इसमें कीड़े तक पनपने लगते हैं. ये आपको बीमार कर सकते हैं. डस्टबिन की हाइजीन का खास ख्याल रखना जरूरी है. खासकर, उन घरों में जहां छोटे-छोटे बच्चे होते हैं. आप चाहते हैं कि आपका डस्टबिन साफ-सुथरा रहे तो हम आपके लिए लेकर आए हैं स्टेप बाई स्टेप डस्टबिन क्लीनिंग टिप्स.

**डस्टबिन साफ करने के लिए सामग्री**

आपको कूड़ेदान को साफ करना है तो इसके लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत होगी. आप गर्म पानी, लिक्विड सोप या डिटर्जेंट, स्क्रबिंग ब्रश, प्लास्टिक ग्लव्स, साफ कपड़ा, एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज से युक्त एसेंशियल ऑयल चाहिए.

**डस्टबिन साफ करने का तरीका**



1. डस्टबिन की सफाई शुरू करने से पहले आप अपने हाथों में ग्लव्स पहनें. इससे आपके हाथ और नाखूनों में डस्टबिन में लगी गंदगी, जर्म नहीं लगेंगे. यदि अधिक बदबू आ रही हो तो आप मास्क भी पहन सकते हैं.
2. अब आप डस्टबिन में पड़े सारे कचरे को फेंक दें. बाहर सड़क या गली, मुहल्ले में ना फेकें. जिस जगह पर कचरा फेंकने का कूड़ादान बना है, वहीं कचरे को फेकें. कूड़ा वाला आता है तो उसे भी कचरा डेली दें ताकि डस्टबिन में ये कचरा पड़ा ना रहे.
3. अब आप नल के नीचे रखकर डस्टबिन में पानी डालें और धोएं. इससे गंदगी सारी निकल जाएगी. बेहतर है कि आप टॉयलेट में जेट स्प्रे का इस्तेमाल करें. इससे पानी का प्रेशर अधिक पड़ेगा तो डस्टबिन पर चिपकी गंदगी, खाने के कण जल्दी हटेंगे.
4. अब आप डस्टबिन में लिक्विड सोप या फिर डिटर्जेंट डालकर साफ करें. स्क्रब ब्रश से डस्टबिन को अच्छी तरह से रगड़ कर क्लीन करें. इससे जर्म्स, धूल-गंदगी, बदबू सब निकल जाएगी. अब आप डस्टबिन में गर्म पानी डालकर इसे अच्छी तरह से साफ कर लें. जर्म्स बचे भी होंगे तो गर्म पानी से मर जाएंगे. आप चाहें तो साबुन-सर्फ को पानी में घोलकर सॉल्युशन बनाएं और इससे सफाई करें.
5. अब अंत में आप डस्टबिन में खुशबूदार एसेंशियल ऑयल की कुछ बूंदें डाल दें. मार्केट में एंटीफंगल प्रॉपर्टीज वाले कई एसेंशियल ऑयल मिलते हैं. इन्हें डालने से बदबू पूरी तरह से खत्म हो जाएगी. एक बार फिर से पानी से साफ करें. दूध में डस्टबिन को सूखने के लिए रख दें. इस तरह स्टेप बाई स्टेप कूड़ेदान की रेगुलर सफाई करके देखें, कभी भी बदबू नहीं आएगी.

# रसमलाई मोदक

खाना-खजाना

गणेशोत्सव 10 दिनों तक सेलिब्रेट किया जाता है। इस साल यह त्योहार 7 सितंबर से शुरू हो गया है। इस दौरान लोग घर और मंदिर को भी खूबसूरती से सजाते हैं। गणेश चतुर्थी के दिन लोग अपने घरों में गणपति बप्पा को लेकर आते हैं और उन्हें एक जगह पर स्थापित करते हैं। इस दौरान उन्हें अलग-अलग तरह की चीजों का भोग लगाया जाता है। माना जाता है कि भगवान गणेश की सबसे पसंदीदा मिठाई है मोदक। मोदक कई तरह से बनाएं जाते हैं। यहां हम रसमलाई मोदक की रेसिपी बता रहे हैं। ये मोदक पनीर से बनाए जाते हैं। पनीर सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होता है। ऐसे में अगर आप मोदक को और हेल्दी बनाना चाहते हैं तो चीनी की जगह गुड़ या फिर खजूर का इस्तेमाल कर सकते हैं। देखिए, शेफ पंकज भदौरिया की तरह कैसे बनाएं रसमलाई मोदक-

**सामग्री :**

- 250 ग्राम पनीर
- 1 कप दूध पाउडर
- 1/2 कप पिसी हुई चीनी
- सुखी हुई गुलाब की पंखुड़ियां
- कटे हुए पिस्ता



- केसर के रेशे
- 1 बड़ा चम्मच दूध
- 2 बूंद रसमलाई एसेंस
- 2 बूंद हल्का पीला रंग

**कैसे बनाएं**

इसे बनाने के लिए सबसे पहले पनीर को ब्लेंडर में पीसकर बारीक पेस्ट बना लें। फिर एक पैन में पनीर का पेस्ट, दूध पाउडर, पिसी चीनी, केसर दूध को मिलाएं। फिर 4-5 मिनट तक पकाएं जब तक कि मिक्स एक साथ न आ जाए। फिर इसमें फूड कलर और रसमलाई एसेंस डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब मोदक के सांचे को ग्रीस करें फिर इसके साइड में पिस्ते और गुलाब की पंखुड़ियों को रखें और फिर पनीर की स्टफिंग डालकर दबाएं। अब सांचे को खोलकर मोदक निकालें। आप चाहें तो बिना सांचे के भी इन मोदक को बना सकते हैं। एक बार पनीर स्टफिंग को लें फिर मोदक की शेप दें। बाद में पिस्ता और गुलाब की पत्तियों से इसे सजाएं।

# टाइल्स के पीले जिद्दी दाग को छुटाने के टिप्स और ट्रिक्स



पूरी तरह से घर तब साफ कहलाता है, जब घर का बाथरूम भी चमचमाता रहे. बाथरूम की सफाई करने में समय काफी लगता है, लेकिन इसे साफ रखना इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह हमारे पर्सनल हाइजीन का हिस्सा होता है. अगर आप नहीं चाहते कि आपके घर में कीटाणु और बैक्टीरिया पनपें तो आपको अपने बाथरूम को साफ रखना होगा. इसका सबसे बड़ा टास्क है गंदे जिद्दी दागों को छुड़ाना. टाइल्स पर लगे पानी के दाग ही जिद्दी बन जाते हैं.

बाथरूम के फर्श पर जमे पीले दाग को साफ करने के लिए रॉफ क्लिनर का अधिक यूज होता है. यह सबसे बेस्ट और सस्ता केमिकल कहलाता है. यह कोई हार्श कैमिकल नहीं है. इसका इस्तेमाल सफाई करने वाले कर्मचारी भी करते हैं. रॉफ क्लिनर आप किसी भी ऑनलाइन साइट से ऑर्डर कर सकते हैं. यह आपको 130-150 की रेंज में आसानी से मिल जाएगा.

**रॉफ क्लिनर का इस्तेमाल कैसे करना है?**

इसे सबसे पहले पानी में डालकर डाइल्यूट कर लें. फिर जहां भी जिद्दी दाग हैं, वहां इसको स्प्रे कर दें. 10-15 मिनट तक इसे छोड़ दें इसके बाद आप एक ब्रश से इसको घिस लें. सारे दाग खत्म हो जाएंगे.

**हाइड्रोजन परॉक्साइड**

हाइड्रोजन परॉक्साइड, एक बेहतरीन ब्लीचिंग एजेंट है, जो आपकी टाइलों से गंदगी और मैल को आसानी से हटा सकता है. इस केमिकल को डायरेक्ट न डालकर इसमें बेकिंग सोडा और विनेगर डालें. अब इसके पेस्ट को जिद्दी दाग पर स्प्रे करें और उसे रगड़कर साफ करें.

**बाथरूम का इस्तेमाल करते समय रखें इन बातों का ध्यान**

- बाथरूम का फर्श साफ करने के लिए कभी भी हार्श कैमिकल का इस्तेमाल न करें.
- जब भी बाथरूम का इस्तेमाल करें उसके फर्श को अच्छे से वाईप कर लें
- आपके बाथरूम के फर्श पर पानी नहीं जमना चाहिए.
- बाथरूम में टिश्यू पेपर जरूर रखें.
- टिश्यू पेपर का इस्तेमाल आप वॉश बेसिन को सुखाने के लिए करें.

# पितल और तांबे के बर्तन को साफ करने के टिप्स



बहुत से घरों में आपने पीतल, तांबे के बर्तन भी रखे देखे होंगे. पीतल और तांबे के बर्तन या इससे बनी डेकोरेटिव आइटम ज्यादातर पूजा घर और लिविंग, ड्रॉइंग रूम में लगो रखते हैं. मूर्ति, घंटी, दीपक, लोटा, पूजा की थाली, गिलास, परात, कड़ाही आदि कई घरों में होते हैं. कई बार ये इस्तेमाल करते-करते काले पड़ने लगते हैं. इनकी चमक पहले सी नहीं रह जाती है. यदि आपके घर में भी पीतल के बर्तन काले पड़ गए हैं, इनकी चमक फीकी होती जा रही है तो परेशान न हों. हम आपके लिए लेकर आए हैं एक बेहद ही सिंपल सा टिप्स. इस नुस्खे को आजमाकर देखिए, पीतल के बर्तन दोबारा नए से चमक उठेंगे. दरअसल, पीतल के बर्तन की सफाई करने का ये सिंपल नुस्खा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है मास्टर शेफ पंकज भदौरिया ने. चलिए जानते हैं क्या है वो देसी नुस्खा, जिससे पीतल के बर्तन बिल्कुल नए जैसे दिखने लगेंगे. एक बड़े से बाउल में एक लीटर पानी डालें. अब इसमें एक छोटा चम्मच सिट्रिक एसिड यानी की नींबू का सत डालें. साथ ही इसमें एक चम्मच नमक भी डाल दें. इस पानी के घोल को अच्छी तरह से मिक्स करें. एक दूसरे बाउल में साफ पानी लें. पीतल, तांबे के बर्तन को सिट्रिक एसिड वाले पानी के घोल में थोड़ी देर के लिए डुबा कर छोड़ दें. अब बर्तन को हल्के हाथों ब्रश या स्पॉन्ज से रगड़ कर साफ करें. अब आपको इन बर्तनों को साफ पानी में डालना है. इसके बाद इन्हें लिक्विड सोप और स्पॉन्ज की मदद से रगड़ कर फिर से साफ करना है. इसके लिए स्पॉन्ज पर थोड़ा सा लिक्विड सोप डालें और बर्तन को स्पॉन्ज से क्लीन करें.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

# आज का राशिफल

**मेष :** आज मेहनत का पूरा फल मिलेगा। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। थकान रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता रहेगी। भूमि, आवास की समस्या रह सकती है। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेगा। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। संतान से कष्ट रहेगा।

**वृषभ :** व्यवसाय ठीक चलेगा। अपनी बुद्धिमत्ता से आप सही निर्णय लेने में सक्षम होंगे। आज भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। मान बढ़ेगा। विकास की योजनाएं बनेंगी। निजीजनों में असंतोष हो सकता है। व्यापार में इच्छित लाभ होगा।

**मिथुन :** आज यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेंगे। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। धन के मामले में जोखिम न लें। व्यावसायिक चिंता दूर हो सकेगी। स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी।

**कर्क :** व्यापार में आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य पर व्यय होगा। विवाद न करें। यात्रा में अपनी वस्तुओं को संभालकर रखें। कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें। अधीनस्थों की ओर ध्यान दें।

**सिंह :** धन की बकाया वसूली के प्रयास आज सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय बढ़ेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखते हुए कार्य करना चाहिए। व्यापार में कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें। आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी।

**कन्या :** बिजनेस में नए लाभकारी अनुबंध होंगे। यात्रा, निवेश व नौकरी में मनोनुकूल समय रहेगा। पारिवारिक झंझटों में न पड़ें। शत्रु सक्रिय रहेंगे। कार्य की प्रवृत्ति में यथार्थता व व्यावहारिकता का समावेश आवश्यक है। व्यापार में नई योजनाओं पर कार्य नहीं होंगे। जीवनसाथी का ध्यान रखें।

**तुला :** आज धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। राजकीय बाधा दूर होगी। कार्यस्थल पर वरिष्ठजन सहयोग करेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुद्धि एवं तर्क से नौकरी के कार्य में सफलता के योग बनेंगे। यात्रा कष्टप्रद हो सकती है, अतः आज बाहर जाने से बचें।

**वृश्चिक :** आज का समय ठीक नहीं है। वाहन, मशीनरी तथा अग्नि के प्रयोग में अधिक सावधानी रखें। धन के लेन-देन में बाहरी लोगों पर अधिक विश्वास न करें। किसी से विवाद न करें। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा। सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे।

**धनु :** व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। राजकीय काम बनेंगे। संतान के सेहत की चिंता रहेगी। जोखिम न उठाएं। संतान से मदद मिलेगी। आर्थिक स्थिति में प्रगति की संभावना है। अचानक धन की प्राप्ति के योग हैं। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मकर :** धन-संपत्ति के कार्य आज अनुकूल लाभ देंगे। छात्रों को परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। धनार्जन होगा। समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ौत्री होगी। आजीविका में नवीन प्रस्ताव मिलेंगे। परिवार की समस्याओं को अनदेखा न करें।

**कुंभ :** व्यापारिक कामकाज में धैर्य रखने से सफलता मिल सकेगी। कोई योजनाएं फलीभूत होंगी। मित्रों में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आज किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें।

**मीन :** व्यापारिक क्षेत्र के अनुभवी व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे। विद्यार्थियों को प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। व्यापार अच्छा चलेगा। धन के मामले में दूसरों से अपेक्षा न करें। पारिवारिक चिंता तथा तनाव रहेंगे। थकान रहेगी। जोखिम न लें। विवाद से बचें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

## खबरें गांव की...

### मोक्ष की चाह; आंध्र प्रदेश से पहुंचे काशी, पहले बड़े भाई फिर छोटे ने फांसी लगाकर जान दी

**वाराणसी.** वाराणसी में मानसरोवर इलाके में स्थित राम तारक आंध्रा आश्रम में दो सगे भाइयों ने फांसी लगाकर जान दे दी। आंध्र प्रदेश के नारायण पुरम जिला वेस्ट गोदावरी के रहने वाले 34 वर्षीय पी लक्ष्मी नारायणम और 32 वर्षीय वी लोक विनोद 28 अगस्त को आश्रम में आए थे। दोनों ने कुंडी में गमच्छे के सहारे फांसी लगाई है। मंगलवार दोपहर सफाईकर्मी के पहुंचने पर कमरे से बदबू आने की सूचना ट्रस्टी मैनेजर वीवी सुंदर शास्त्री को दी। दोनों मोक्ष के लिए जान देने की आशंका जताई जा रही है।

### तालाब से फल तोड़ने गईं 4 लड़कियों की डूबकर मौत

यूपी के बहराइच से बड़ी खबर सामने आ रही है। नवाबगंज इलाके के सतीजोर गांव के बाहर स्थित तालाब में डूब रही बालिका को बचाने के प्रयास में दो बालिकाओं व दो किशोरियों की डूबकर मौत हो गई। इस हादसे से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया है। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत कर चारों के शव बरामद करते ही सिसकारियों से इलाका दहल उठा। नानपारा एसडीएम, तहसीलदार व एसएचओ अपनी टीमों के साथ मौके पर पहुंच गए हैं।

### जिंदा चूहे की पूंछ बांधकर बना दिया कुत्ते का चारा, क्रूरता के खिलाफ पशु प्रेमी ने दी तहरीर

**बदायूं.** बदायूं में एक चूहे के साथ क्रूरता का मामला सामने आया है। इस चूहे की पूंछ बांधकर एक महिला ने कुत्ते के सामने चारे की तरह पेश किया। चूहे ने बचने की खूब कोशिश की। इस दौरान महिला उसे बार-बार कुत्ते के सामने रखकर खिलवाड़ करती रही। अंत में कुत्ते ने चूहे को अपने जबड़े में दबोच कर लिया। इसके बाद महिला वहां से चली गई। महिला की इस क्रूरता को किसी ने कैमरे में रिकॉर्ड कर वीडियो वायरल कर दिया। एक पशु प्रेमी ने मामले की शिकायत पुलिस से की जिसकी जांच शुरू कर दी गई है।

### सीढ़ियों पर दनदनाते चढ़ी और हल्दीराम रेस्टोरेंट में घुस गई तेज रफ्तार कार




**आगरा.** ताजनगरी कहे जाने वाले यूपी के आगरा में रफ्तार का कहर देखने को मिला है। यहां देर रात अचानक बेकाबू हुई एक कार सीढ़ियों पर चढ़ते हुए हल्दीराम रेस्टोरेंट के गेट से जा टकराई। एयर बैग की वजह से कार चला रहे शख्स की जान बच गई। हालांकि इस हादसे में वह घायल हो गया है। रेस्टोरेंट को भी काफी नुकसान हुआ है। जिन लोगों ने इस हादसे को देखा वे दंग रह गए। सोशल मीडिया पर हादसे की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। आगरा के संजय प्लेस में हल्दीराम रेस्टोरेंट है। यहां तैनात सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि सोमवार की रात डेढ़ बजे के करीब एक तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर रेस्टोरेंट की सीढ़ियों से होते हुए गेट से टकराई। इससे तेज आवाज हुई। आवाज सुनकर आसपास मौजूद गार्ड दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे। कार चला रहे शख्स को हादसे में उसे काफी चोटें आई हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस एक कर्मचारी से तहरीर लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी है।

# ‘गृह मंत्री रहते कश्मीर गया तो डर लग रहा था’

- सुशील कुमार शिंदे के बयान पर घिरी कांग्रेस



> सुशील कुमार शिंदे ने कहा, ‘उन्होंने मुझे सलाह दी थी कि आप इधर-उधर न भटकें। श्रीनगर के लाल चौक में जाएं और भाषण दें। डल लेक पर भी घूमें। इससे मुझे बहुत पब्लिसिटी मिली। इससे लोगों में यह संदेश गया कि एक ऐसा गृह मंत्री है, जो लाल चौक भी जाता है। लेकिन मेरी फटती थी, यह मैं किससे बताऊं।’

**नई दिल्ली.** कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार में गृह मंत्री रहे सुशील कुमार शिंदे के एक बयान से बवाल मच गया है। उन्होंने कहा है कि वह यूपीए सरकार में गृह मंत्री थे, लेकिन उस दौर में उन्हें भी जम्मू-कश्मीर जाने में डर लगता था। सुशील कुमार शिंदे ने कहा, ‘मैं श्रीनगर में गृह मंत्री रहते हुए लाल चौक पर भाषण देने चला गया था, लेकिन अंदर ही अंदर मुझे डर भी लग रहा था। मुझे लाल चौक पर भाषण से बहुत पब्लिसिटी भी मिली, लेकिन अंदर से मुझे डर भी लग रहा था।’ उन्होंने अपनी पुस्तक ‘राजनीति में 5 दशक’ के विमोचन के मौके पर यह बात कही।

इस मौके पर मंच पर दिग्विजय सिंह और मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। सुशील कुमार शिंदे के इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर दिया है। भाजपा का कहना है कि सुशील कुमार शिंदे ने पूरी हकीकत उजागर कर दी है कि कांग्रेस राज में कश्मीर के कैसे हालात थे। इस पर कांग्रेस को ध्यान देना चाहिए। सुशील कुमार शिंदे ने विजय धर को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं जब गृह मंत्री था। उससे पहले से मैं विजय धर के पास जाता था और उनसे सलाह भी मांगता था।

इस दौरान विजय धर भी मंच पर मौजूद थे, जो लंबे समय से सुशील कुमार शिंदे के करीबी रहे हैं। यही नहीं विजय धर के कहने पर ही होम मिनिस्टर रहने के दौरान सुशील कुमार शिंदे ने श्रीनगर के डीपीएस स्कूल का दौरा किया था। इस स्कूल का संचालन विजय धर ही करते हैं। इस मौके पर मंच पर दिग्विजय सिंह और मल्लिकार्जुन खरगे भी मौजूद थे। सुशील कुमार शिंदे के इस बयान को लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर हमला करना शुरू कर दिया है। भाजपा का कहना है कि सुशील कुमार शिंदे ने पूरी हकीकत उजागर कर दी है कि कांग्रेस राज में कश्मीर के कैसे हालात थे। इस पर कांग्रेस को ध्यान देना चाहिए। सुशील कुमार शिंदे ने विजय धर को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं जब गृह मंत्री था। उससे पहले से मैं विजय धर के पास जाता था और उनसे सलाह भी मांगता था।

# मणिपुर में ड्रोन हमलों के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन




- राज्यपाल-DGP के इस्तीफे की मांग
- हजारों लोगों ने राजभवन-CM हाउस तक मार्च किया

**इंफाल.** मणिपुर के इंफाल मेंड्रोन हमलों के विरोध में सोमवार (9 सितंबर) को भी प्रदर्शन हुए। इसमें कई स्कूल-कॉलेज के छात्रों ने राजभवन तक रैली निकाली। इस दौरान छात्रों ने पुलिस DIG, सुरक्षा सलाहकार, और राज्यपाल के इस्तीफे की मांग की। साथ ही छात्रों ने नैतिक आधार पर 50 विधायकों के इस्तीफे की मांग की।

8 सितंबर की रात हजारों लोगों ने इंफाल की सड़कों पर प्रदर्शन किया मणिपुर में बढ़ती हिंसा को लेकर 8 सितंबर को हजारों लोग सड़क पर प्रदर्शन के लिए निकले। किशमपट के टिडिम रोड पर 3 किलोमीटर तक मार्च के बाद प्रदर्शनकारी राजभवन और CM हाउस तक पहुंच गए।

इसके बाद पुलिस और सुरक्षाबलों ने उन्हें बैरिकेड लगाकर रोका। कई राउंड आंसू गैस के गोले भी दागे। प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा- ड्रोन हमलों को रोकने में राज्य सरकार और पुलिस विफल रही है। DGP को पद से हटाना चाहिए।

मणिपुर में मई 2023 से कुकी और मैतेई समुदाय के बीच हिंसा जारी है। बीते 7 दिनों से हिंसा बढ़ गई है। इसमें 8 लोगों की मौत हुई है। 15 से ज्यादा घायल हैं। हाल ही में मणिपुर में ड्रोन से भी हमले हुए हैं। इनमें 2 लोगों की मौत हुई है।

# राम के थे और रहेंगे

## कांग्रेस में जाने की 'इच्छा' पर कन्हैया मित्तल ने मांगी माफी

**नई दिल्ली.** जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे; इस गीत को लेकर देशभर में मशहूर हो चुके गायक कन्हैया मित्तल ने कांग्रेस में जाने की अपनी इच्छा त्याग दी है। उन्होंने इस विचार के लिए माफी मांगते हुए यह बात कही है। मित्तल ने भाजपा को धन्यवाद कहते हुए यह भी कहा है कि उन्हें यह नहीं पता था कि पार्टी नेतृत्व उन्हें इतना प्यार करता है।

कन्हैया मित्तल ने एक वीडियो जारी करके अपने फैसले की जानकारी दी और कहा कि कांग्रेस में जाने की जो बात उन्होंने कही थी वह गलत थी। उन्होंने इसके लिए एक से अधिक बार माफी मांगी।

> मित्तल ने कहा, 'पिछले दो दिनों से मुझे यह अहसास हुआ कि मेरे सभी सनातनी भाई-बहन और खासकर भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मुझे कितना प्यार करता है और इतनी चिंता करता है। दो दिनों से देख रहा हूं कि आप सब परेशान हैं, मैं क्षमा चाहता हूं। और जो मेरे मन की बात थी कि कांग्रेस जॉइन करना चाहता हूं उसे वापस लेता हूं।'

# BJP प्रदेश-अध्यक्ष के बेटे की ऑडी कई गाड़ियों से भिड़ी

- कार में बेटा था पर FIR में नाम नहीं
- नागपुर की घटना



**नागपुर.** नागपुर में तेज रफ्तार ऑडी कार ने कई गाड़ियों को टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। कार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले के बेटे संकेत बावनकुले के नाम से रजिस्टर्ड है।

पुलिस के मुताबिक, घटना सोमवार (9 सितंबर) रात करीब 1 बजे की है। ऑडी कार पहले एक कार से टकराई। फिर एक बाइक को टक्कर मारी। फिर भी कार रुकी नहीं और आगे जाकर मनकापुर में एक अन्य कार को टक्कर मार दी। कार सवार लोगों ने ऑडी का पीछा किया और मनकापुर पुल के पास रोका। नागपुर DCP राहुल मदाने ने मंगलवार (10 सितंबर) को कहा कि संकेत को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। उन्होंने कबूल किया है कि वह हादसे के समय कार में मौजूद थे। हालांकि, पुलिस ने पहले कहा था कि संकेत गाड़ी में नहीं थे। पुलिस ने दो अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस ने पहले जो जानकारी दी थी, उसके मुताबिक, अर्जुन हावरे कार चला रहा था। वह संकेत का

> पुलिस ने अर्जुन हावरे को गिरफ्तार किया था। हालांकि, थोड़ी देर में उसे बेल भी मिल गई। **FIR** में अर्जुन और रोनित को आरोपी बनाया गया है। संकेत बावनकुले का नाम **FIR** में नहीं है। अर्जुन और रोनित के ब्लड सैंपल अल्कोहल टेस्ट के लिए भेजे गए हैं। ताकि पता चल सके कि उन्होंने घटना के समय शराब पी रखी थी या नहीं।

दोस्त और पेशे से इंजीनियर है। रोनित चित्तमवार बिजनेसमैन है। वह अर्जुन के बगल में बैठा था। कार एक बीयर बार से लौट रही थी।

# ‘मुझे कभी भी किया जा सकता है गिरफ्तार’

- अनिल देशमुख का देवेंद्र फडणवीस पर बड़ा आरोप



**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री और एनसीपी (एसपी) नेता अनिल देशमुख ने मंगलवार को सीबीआई के माध्यम से उनके खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जिम्मेदार ठहराया है। अनिल देशमुख ने दावा किया है कि उनके आवास पर छापा मारा जा सकता है और उन्हें कभी भी गिरफ्तार किया जा सकता है। इसके बाद अब दोनों नेताओं के बीच विवाद खड़ा हो गया है। गौरतलब है कि देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में एक पेन ड्राइव पेश किया था जिसके आधार पर सीबीआई ने मामला दर्ज किया है। इसके बाद अनिल देशमुख की पहली प्रतिक्रिया आई है।

नागपुर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अनिल देशमुख ने कहा, सीबीआई ने देवेंद्र फडणवीस की वजह से जलगांव के चार साल पुराने मामले को उठाकर मेरे खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। मुझ पर राज्य के गृह मंत्री के रूप में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करके पुलिस पर दबाव बनाकर जलगांव में बीजेपी नेता गिरीश महाजन के मामले में कार्रवाई करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। मेरे खिलाफ यही आरोप लगाया गया है। मुझे पता है कि देवेंद्र फडणवीस की वजह से मेरे आवास पर कभी भी छापा मारा जा सकता है और

### पेन ड्राइव विधानसभा के अध्यक्ष को सौंपे

इससे पहले 4 सितंबर को सीबीआई ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित चार अन्य के खिलाफ बीजेपी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाने के आरोप में मामला दर्ज किया था। इस मामले में प्रवीण चव्हाण, विजय पाटिल, पूर्णिमा गायकवाड़, तत्कालीन डीसीपी सुषमा चव्हाण, एसीपी, तत्कालीन गृह मंत्री अनिल देशमुख और अन्य अज्ञात अधिकारियों और अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। तत्कालीन विपक्षी नेता देवेंद्र फड़नवीस द्वारा ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग वाले पेन ड्राइव महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष को सौंपे गए थे।

### महिला ने डॉक्टर का पकड़ा कॉलर, जूते से मारा

**बेंगलुरु.** चिकमगलुरु के अरालुगुप्पे मल्लेगौड़ा जिला अस्पताल में डॉक्टर पर हमले का मामला सामने आया है। इसके विरोध में डॉक्टर्स व कर्मचारियों ने मंगलवार को प्रदर्शन किया और ओपीडी को बंद कर दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, एक महिला ने डॉक्टर के साथ मारपीट की। उसने उनका कॉलर पकड़ लिया और उस पर जूता भी फेंका। इमरजेंसी वार्ड में फिजिशियन वेंकटेश बीएस ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान मारपीट में घायल इरफान नाम के शख्स को इलाज के लिए लाया गया। हालांकि, इसी बीच अस्पताल के कर्मचारियों और मरीज के रिश्तेदारों में विवाद हो गया।

# ट्रेनों को पलटाने की है आतंकी साजिश!

- एक सप्ताह में 4 घटनाएं दे रहीं टेंशन
- पाक का भी कनेक्शन




**कानपुर.** यूपी के कानपुर से लेकर राजस्थान के अजमेर तक रेल की पटरियों पर गैस सिलेंडर और सीमेंट के ब्लॉक रखने के मामले सामने आए हैं। बीते एक सप्ताह में 4 ऐसे मामले आए हैं, जो ट्रेन को पलटाने की साजिश लगते हैं। इन मामलों ने रेलवे के कान खड़े कर दिए हैं और सतर्कता बरती जा रही है। यूपी से लेकर राजस्थान तक ऐंटी टेररिस्ट स्क्वायड और स्थानीय पुलिस को भी सक्रिय किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि ऐसी घटनाएं चिंताजनक हैं और पूरी निगरानी बरती जा रही है। अधिकारियों ने कहा कि कानपुर में रविवार की शाम को गैस सिलेंडर ट्रैक पर रखे जाने के बाद भी कोई हादसा नहीं हो सका। इसकी वजह यह थी कि ड्राइवर ने वक्त रहते इमरजेंसी ब्रेक मार दिए। अधिकारियों ने कहा कि कानपुर में तो मौके से पेट्रोल और माचिस भी बरामद हुए हैं। इससे संदेह गहरा रहा है कि इसके पीछे कोई आतंकी साजिश भी हो सकती है।

> दरअसल बीते दिनों पाकिस्तान स्थित एक आतंकी फरहतुल्लाह गोरी ने एक वीडियो जारी किया था। इसमें उसने आतंकियों से कहा था कि वे बड़े पैमाने पर ट्रेनों को पलटाने की कोशिश करें और सप्लाई चेन को निशाने पर लें ताकि भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाया जा सके। बीते साल जून से अब तक ऐसे 17 केस सामने आए हैं, जब रेल की पटरियों पर लकड़ी के मोटे टुकड़े, पत्थर, गैस सिलेंडर आदि रख दिए गए। या फिर सिग्नल से छेड़छाड़ करने की कोशिश की गई।

# यूक्रेन का रूस पर सबसे घातक ड्रोन हमला

यूक्रेन ने मंगलवार को रूस पर अब तक का सबसे घातक ड्रोन हमला किया है। यूक्रेन ने रूस की राजधानी मॉस्को सहित 8 प्रांतों को 144 ड्रोन से निशाना बनाया है। हमले में कई रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है। न्यूज एजेंस रॉयटर्स के मुताबिक रूस की राजधानी मॉस्को के आस-पास करीब 20 ड्रोन मार गिराए गए।

हमले में दर्जनों घर नष्ट हो गए हैं। इस हमले के चलते मॉस्को और उसके आसपास के एयरपोर्ट्स से 50 से ज्यादा उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा है। रूसी अधिकारियों के मुताबिक मॉस्को के 4 में से 3 एयरपोर्ट्स को 6 घंटे से ज्यादा समय तक बंद रहना पड़ा।

# मणिपुर में बिगड़े हालात, इंफाल समेत 3 जिलों में कर्फ्यू

**इंफाल.** मणिपुर में हिंसा को देखते हुए राजधानी इंफाल समेत तीन जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। बीती रात महिलाओं ने ड्रोन हमले के विरोध में मशाल जुलूस निकाला था। वहीं समोवार को प्रदर्शनकारियों ने राजभवन पर पथराव कर दिया। बिगड़ती कानून व्यवस्था और हमलों को देखते हुए प्रशासन ने यह फैसला लिया है। इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम के अलावा थौबल में कर्फ्यू लगाया गया है।

जानकारी के मुताबिक इन जिलों में अनिश्चित काल तक के लिए कर्फ्यू लगाया गया है और लोगों को घरों में ही रहने की सलाह दी गई है। इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिमी जिले में बीएनएसएस की धारा 162 (2) को लागू कर दिया गया है। डीएम के आदेश में कहा गया है कि जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था को देखते हुए 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से कर्फ्यू लगाया जा रहा है। अगले आदेश तक यह लागू रहेगा।

जरूरी सेवाओं जैसे कि बिजली, कोर्ट, हेल्थ के साथ मीडिया को कर्फ्यू से छूट दी गई है। रिपोर्ट्स में कहा गया था कि डीजीपी और सुरक्षा सलाहकार को हटाने के लिए स्टूडेंट्स बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करने वाले हैं। ऐसे में तीन जिलों में प्रतिबंधों को लागू कर दिया गया। वहीं स्कूल और कॉलेजों के सैकड़ों छात्र पूरी रात ख्वारिमबांद मार्केट में रुके रहे। महिलाओं ने उन्हें कैंप लगाने के लिए जगह दी। सोमवार को हजारों छात्रों ने मणिपुर सचिवालय और राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया। हालिया हिंसा की घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है और 12 से ज्यादा घायल हो गए हैं।

# पंत टेस्ट क्रिकेट के ग्रेटेस्ट बल्लेबाज बन सकते हैं

- पूर्व भारतीय कप्तान गांगुली बोले-
- ऋषभ को छोटे फॉर्मेट में सुधार करने की जरूरत




पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट के महान बल्लेबाज बन सकते हैं। कोलकाता में एक इवेंट के दौरान गांगुली ने कहा, ‘पंत टेस्ट क्रिकेट में बड़े बल्लेबाज बनने की ओर बढ़ रहे हैं, लेकिन उन्हें छोटे फॉर्मेट में सुधार करने की जरूरत है।’

26 साल के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कार एक्सीडेंट में घायल होने के लगभग डेढ़ साल बाद IPL से वापसी की। वह फिर टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम का हिस्सा भी रहे। अब लंबे इंतजार के बाद उन्होंने टेस्ट टीम में भी वापसी कर ली। वह बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट की टीम का हिस्सा हैं। पंत ने 2022 में आखिरी टेस्ट भी बांग्लादेश के खिलाफ ही खेला था।

### पंत भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक

ऋषभ पंत को लेकर सौरव गांगुली ने कहा, ‘मैं ऋषभ को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। मुझे आश्चर्य नहीं है कि वह टीम में वापस आ गया है और वह टेस्ट में भारत के लिए खेलना जारी रखेगा।’

उन्होंने आगे कहा, ‘अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट में ऑल-टाइम ग्रेट खिलाड़ी बन जाएगा। मेरे हिसाब से उसे छोटे फॉर्मेट में बेहतर होने की जरूरत है। उसके पास जो प्रतिभा है, मुझे यकीन है कि समय के साथ वह श्रेष्ठ बन जाएगा।’

### शमी की फिटनेस पर बोले गांगुली

बांग्लादेश के खिलाफ चुने गए स्क्वॉड में मोहम्मद शमी को इंजरी की वजह से नहीं चुना गया। टखने के ऑपरेशन के कारण वह टीम से बाहर चल रहे हैं। गांगुली ने शमी के बारे में कहा, मुझे विश्वास है कि तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएंगे।

# हार्ट अटैक आने से पहले अलर्ट कर देगा AI

- दिल्ली एम्स की रिसर्च में चौंकाने वाले नतीजे



**नई दिल्ली.** दुनियाभर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक (एआई) ने मेडिकल जांच और इलाज को आसान के साथ-साथ बेहतर बनाया है। सोचिए अगर एआई की मदद से सिस्टोलिक बीपी (ब्लड प्रेशर), हार्ट रेट, शरीर का तापमान, सांस दर जैसी चार सामान्य जांच दिल का दौरा यानी समय रहते हार्ट अटैक आने से पहले ही पता लगा ले तो कितना बेहतर होगा।

### चौंकाने वाले नतीजे

एम्स दिल्ली के हृदय रोग विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर एस. रामकृष्णन ने दुनियाभर में एआई के चौंकाने वाले नतीजे और इसके देश में संभावित इस्तेमाल पर एक शोध पत्र प्रकाशित किया है।

### देश में मददगार हो सकती है तकनीक

डॉक्टर रामकृष्णन ने बताया कि देश में इस तकनीक का बखूबी इस्तेमाल हो सकता है। बच्चों की दिल की सर्जरी के बाद तीन से छह फीसदी मामलों में उन्हें कार्डियक अरेस्ट आता है। इस वजह से बहुत बच्चों की जान चली जाती है। कई अध्ययनों में यह बात पता चली है कि अगर कार्डिक अरेस्ट के बारे में पहले से ही आगाह कर देने वाला यही मॉडल यहां इस्तेमाल होता है तो इससे लोगों की जान बचाई जा सकती है।

### कोरियाई अस्पताल में मॉडल

प्रोफेसर ने अपने लेख में बताया है कि कोरिया के एक अस्पताल के डॉक्टरों ने एक ऐसा एआई मॉडल बनाया है। यह मॉडल अस्पताल में भर्ती मरीजों को चार सामान्य जांच के आधार पर हार्ट अटैक (दिल की धड़कन रुकना) से आधा घंटे पहले ही इसके बारे में अलर्ट कर देता है। अध्ययन में पता चला कि 74 फीसदी मामलों में आधे घंटे पहले ही हार्ट अटैक आने के खतरे के बारे में बताया है। यह एआई मॉडल अन्य मामलों में 14 घंटे पहले ही इसके खतरे के बारे में बताने में सक्षम है। दरअसल, हार्ट अटैक उस स्थिति को कहते हैं जब दिल की धड़कन रुक जाती है। जल्द ही सही इलाज न मिलने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है।

# भीड़ पीटकर मार देती, इस डर से जान दी

- यूपी में बच्चा चोर समझकर लोगों ने खदेड़ा
- 8 घंटे ब्रिज पर बैठा रहा, फिर कूद गया



**जौनपुर.** जौनपुर में मॉब लिंचिंग से बचने के लिए एक युवक ने ब्रिज से कूदकर जान दे दी। बच्चा चोरी के शक में भीड़ उसके पीछे पड़ गई थी। बचने के लिए वह ओवर ब्रिज पर चढ़ गया। करीब 8 घंटे तक वहीं बैठा रहा, नीचे भीड़ खड़ी थी।

IG भी मौके पर पहुंच गए थे। उन्होंने उसे नीचे उतरने के लिए कहा। लेकिन, वह इतना डर गया था कि नीचे नहीं उतरा। आखिरकार 8 घंटे बाद उसने कूदकर जान दे दी। मामला जौनपुर से 13 किमी दूर शिवापुर गांव का है। यहां वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर पैदल यात्रियों को सड़क पार करने के लिए 40 फीट ऊंचा ओवर ब्रिज बनाया गया है। मंगलवार (10 सितंबर) सुबह ग्रामीणों ने बच्चा चोरी के शक में दो युवकों को खदेड़ा। एक को पकड़कर पीटा और पुलिस को सौंप दिया। वहीं, दूसरा युवक भागकर वाराणसी-लखनऊ हाईवे पर बने ओवरब्रिज पर चढ़ गया। इसके बाद गांववालों ने लाइन बाजार थाने को सूचना दी। पुलिस ने युवक को बचाने के लिए जाल लगाया था, लेकिन ट्रैफिक जाम होने की वजह से हटवा दिया। इसके बाद युवक ब्रिज से कूद गया।

### बिहार का रहने वाला था युवक

युवक की पहचान बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले अवनीश कुमार (31) के रूप में हुई है। उसकी जेब से आधार कार्ड मिला। पुलिस ने बताया- अवनीश अपने साथी के साथ सुबह 5 बजे शिवापर गांव पहुंचा। उन्हें देखते ही गांव वालों ने बच्चा चोर कहते हुए दौड़ाया।

# महाराष्ट्र में सीट बंटवारे पर NDA में चर्चा

- भाजपा 140-150 सीटों पर लड़ सकती है; शिवसेना 80, अजित पवार को 55 सीटें मिल सकती हैं

**मुंबई.** महाराष्ट्र में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए NDA नेताओं के बीच सीट बंटवारे को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 140-150 पर भाजपा प्रत्याशी उतार सकती है। शिवसेना शिंदे गुट 80, अजीत पवार की NCP 55 और अन्य को कुछ सीटें दिए जाने की चर्चा है।

महाराष्ट्र में NDA का सीधा मुकाबला कांग्रेस, उद्धव ठाकरे और शरद पवार के गठबंधन महाविकास अघाड़ी (MVA) से है। 2024 लोकसभा चुनाव में MVA ने 48 सीटों में से 30 सीटों पर जीत हासिल की थी। NDA को सिर्फ 17 सीटें मिली थीं। MVA विधानसभा चुनाव में यही प्रदर्शन दोहराने की तैयारी में है।



### NCP सूत्रों ने बताया था- 173 सीटों पर सहमति बनी

महायुति की दूसरे दौर की बैठक 31 अगस्त को नागपुर में हुई थी। NCP के सूत्रों ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि 3 घंटे तक चली इस मीटिंग में महाराष्ट्र की 288 में से 173 सीटों पर सहमति बन गई है। इनमें सबसे ज्यादा सीटें भाजपा को देने का फैसला किया गया है। भाजपा के बाद शिवसेना और NCP को सीटें मिलेंगी। इस बैठक में CM एकनाथ शिंदे, डिप्टी CM देवेंद्र फडणवीस, अजित पवार समेत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले, NCP प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे, NCP नेता प्रफुल पटेल मौजूद थे। मीटिंग से पहले अजित ने कहा था- 2019 के चुनाव में हमने 54 सीटें जीती थीं। इस बार हमें तीन कांग्रेस विधायकों और तीन निर्दलीयों का समर्थन हासिल है, इसलिए हमारी ताकत बढ़ती जा रही है। हम इस विधानसभा चुनाव में 60 सीटों की मांग करेंगे।

### लोकसभा चुनाव में भाजपा को सिर्फ 9 सीटें मिलीं

2019 में हुए पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने 104 सीटें जीती थीं। लोकसभा चुनाव 2024 में महाराष्ट्र की 48 सीटों में भाजपा सिर्फ 9 जीत सकी। गठबंधन की सहयोगी NCP ने एक सीट जीती।

## संक्षेप...

### भिवंडी में घोड़े की टक्कर से स्कूटर सवार घायल

**भिवंडी.** भिवंडी में एक तेज रफ्तार से दौड़ रहे घोड़े ने स्कूटर सवार एक शख्स को टक्कर मार दी, जिसमें व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया. पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के बाद पुलिस ने घोड़े के मालिक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस ने मंगलवार को बताया कि पावरलूम यूनिट में काम करने वाले 35 वर्षीय एक व्यक्ति स्कूटर पर सवार होकर जा रहे थे. उसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार एक घोड़े ने उन्हें टक्कर मार दी. यह घटना सोमवार की शाम भिवंडी इलाके में हुई, जिसमें व्यक्ति को गंभीर चोटें आई हैं. भोईवाड़ा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि वह अपने स्कूटर पर सवार थे तभी विपरीत दिशा से उनकी ओर आ रहा घोड़ा उनके स्कूटर से टकरा गया, जिसकी वजह से व्यक्ति स्कूटर से गिर गया और उसे गंभीर चोटें आई हैं.

#### पुलिस ने इन धाराओं में दर्ज किया केस

पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने घोड़े के मालिक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 291 (जानवरों के संबंध में लापरवाही पूर्ण आचरण), 125(A) और 125(B) (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाले कार्य) के तहत केस दर्ज कर लिया है.

## रीजेंसी एंटीलिया में भव्य मंदिर व गुरुद्वारे का उद्घाटन

**उल्हासनगर.** प्रसिद्ध रियल एस्टेट समूह रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी महेश अग्रवाल, निदेशक उद्धव रूपचंदानी व अनिल बठिजा द्वारा उल्हासनगर के पास शहाड़ में बनाए गए भव्य आवासीय प्रोजेक्ट 'रीजेंसी एंटीलिया तथा रीजेंसी अवाना' के रहवासियों के साथ-साथ पूरे शहर को एक भव्य व सुंदर गुरूद्वारा, विशाल मंदिर तथा सत्संग हॉल की सौगात दी गई है। समाज के प्रति अपनी गहरी धार्मिक और सांस्कृतिक जिम्मेदारी को समझते हुए रीजेंसी ग्रुप ने खूबसूरत मंदिर और गुरुद्वारा दोनों का निर्माण किया है। रीजेंसी ग्रुप की यह पहल धार्मिक विविधता और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित करती है, जिससे सभी निवासियों को एक सकारात्मक और सहयोगात्मक जीवन अनुभव प्राप्त होगा।







रीजेंसी एंटीलिया परिसर में बनाए गए मंदिर का उद्घाटन गुरुवार 5 सितंबर को सुबह धूमधाम से किया गया तथा गुरूद्वारे के उद्घाटन के अवसर पर अखंड पाठ साहिब भोग समारोह शुक्रवार 6 सितंबर को सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया। इस उपलक्ष में गुरूद्वारे में महान कीर्तन दरबार का भी आयोजन किया गया जिसमें पंथ के महान रागी भाईसाहब चमनजीत सिंह जी लाल ने संगत को गुरबानी कथा और कीर्तन से निहाल किया। इससे पहले मंगलवार शाम को रीजेंसी एंटीलिया के मुख्य द्वार पर नगर कीर्तन और गुरुसाहेब प्रभु का प्रवेश कार्यक्रम हुआ।

रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी व समाजसेवी महेश अग्रवाल, निदेशक उद्धव रूपचंदानी, अनिल बठिजा, विधायक कुमार आयलानी आदि गणमान्यों ने इस दौरान रीजेंसी एंटीलिया के सैकड़ों परिवार के सदस्यों और निवासियों के साथ धार्मिक कार्यक्रमों में आस्था और भक्ति के साथ भाग लिया। रीजेंसी एंटीलिया में मंदिर और गुरुद्वारा के निर्माण से एंटीलिया में रहने वाले लोगों में खुशी का माहौल है। मंदिर व गुरूद्वारे की पहल से न केवल क्षेत्र की धार्मिक पहचान को मजबूत करने बल्कि शहर की सांस्कृतिक धरोहर में भी एक महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए आए हुए सभी अतिथियों ने रीजेंसी ग्रुप के सीएमडी महेश अग्रवाल की सरहाना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। वहीं श्री अग्रवाल द्वारा संतों व सभी भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## घोड़बंदर रोड पर एसटी बस मेट्रो के पिलर से टकराई, 11 यात्री घायल

**ठाणे.** शहर में महाराष्ट्र परिवहन की एक एसटी बस हादसे का शिकार बन गई। घोड़बंदर रोड पर यह हादसा तब हुआ जब चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और बस निर्माणाधीन मेट्रो ग्रीन लाइन-4 के एक खंभे से टकरा गई।



अधिकारियों ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) की एक बस मंगलवार को ठाणे में घोड़बंदर रोड के पास निर्माणाधीन मेट्रो परियोजना के एक खंभे से टकरा गई। हादसा ओवला सिग्नल के ठीक सामने साई होटल के पास हुआ। इस दुर्घटना में 11 यात्री गहयल हुए हैं और उनकी हालत स्थिर है।

वाघबिल ट्रैफिक डिवीजन के पुलिस अधिकारी के मुताबिक, हादसा आज सुबह हुई, लेकिन इसके बावजूद घोड़बंदर रोड पर यातायात प्रभावित नहीं हुआ। घायलों को इलाज के लिए वेदांत, रामानंद और टाइटन अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और एमएसआरटीसी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ितों को अस्पताल भेजा गया। अधिकारी दुर्घटना के कारण की जांच कर रहे हैं।

## गंदगी से बाजार जाने को मजबूर नागरिक



### प्रशासक की कार्यप्रणाली से भारी नाराजगी

क्षेत्रीय दुकानदारों का कहना है कि, तीन बत्ती क्षेत्र की इसी बदहाली कभी नहीं थी. प्रशासक राज भिवंडी के लिए दुखदाई साबित हो रहा है.प्रशासक अजय वैद्य "टैक्स भरो तब सुविधा पाओ" का दावा करते हैं लेकिन तीन बत्ती बाजार क्षेत्र में तो हजारों दुकानदार नियमित रूप से टैक्स अदा करते हैं तो मूलभूत सुविधा क्यों नहीं मिल रही है ? प्रशासक वैद्य की कथनी और करनी में भारी अंतर है. दुकानदारों ने चेतावनी दी है कि 15 दिन में अगर सड़कों की मरम्मत नहीं हुई तो मनपा प्रशासन के खिलाफ आक्रोश मोर्चा निकाला जायेगा.

- भिवंडी मनपा की लापरवाही से लोगों में भारी नाराजगी

**भिवंडी.** भिवंडी शहर की आन-बान-शान समझा जाने वाला तीन बत्ती बाजार मनपा प्रशासक राज में अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है. शहर का प्राचीनतम बाजार तीन बत्ती क्षेत्र का खराब सड़कों, गंदगी से बुरा हाल हो गया है.गड्ढों की सड़क में भरा गंदा पानी एवम कचरे से गुजरकर लोग बाजार में जाने को मजबूर हैं.

गौरतलब हो कि, भिवंडी का सबसे पुराना बाजार क्षेत्र तीन बत्ती में प्रतिदिन दूरदराज क्षेत्रों से हजारों लोग खरीददारी को आते हैं. निजामपुरा सटा हुआ बाजार क्षेत्र अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है वहीं क्षेत्रीय रहिवासी भी आवागमन में भारी दिक्कत झेल रहे हैं.मनपा द्वारा ध्यान नहीं देने से खड़क रोड से तीन बत्ती मार्ग गुलजार कोल्ड्रिक, मछली मार्केट, इलाहाबाद मिल स्टोर,गुप्ता स्वीट्स सहित तीन बत्ती मुख्य नाका तक की तमाम सड़क गड्ढों में तब्दील हो चुकी है. नाला,गटरों से निकलकर गंदा पानी सड़क के गड्ढों में भरता है जिससे गुजरकर बाजार जाने की मजबूरी हजारों लोग झेलने को मजबूर हैं.

आश्चर्यजनक है कि, तीन बत्ती परिसर में हजारों दुकानें हैं जिन पर खरीदारी के लिए लोगों को तीन बत्ती बाजार जरूर आना पड़ता है बावजूद मनपा प्रशासन का कोई ध्यान समस्याओं की तरफ नहीं है.

## फर्जी पुलिस वालों ने लूटे 30 लाख... 1 गिरफ्तार

**मुंबईः** पायधुनी में पुलिस बताकर 30 लाख रुपये की डकैती हुई है शिकायतकर्ता के चिल्लाने पर स्थानीय निवासियों ने आरोपी को पकड़ लिया. संदेह है कि आरोपियों ने कुछ अन्य लोगों को भी इस तरह से ठगा है और पायधुनी पुलिस आगे की जांच कर रही है. शिकायतकर्ता रामशीद अशरफ पी. मूल रूप से मल्लापुरम के रहने वाले हैं। पी। फिलहाल जकारिया मस्जिद स्ट्रीट इलाके में रह रहे हैं। वे मोबाइल से जुड़े उत्पादों की मार्केटिंग का काम करते हैं। वह सिद्दीकी द्वारा नियोजित है। हाल ही में सिद्दीकी ने उसे 30 लाख रुपये दिए थे.

यह रकम उन्हें अगले दिन बैंक में चुकानी थी। इसलिए गुरुवार सुबह 7 बजे वह यह रकम चुकाने के लिए बैंक जा रहा था। घर से कुछ दूर जाने के बाद उन्हें दो अज्ञात लोगों ने रोक लिया। उन्होंने अशरफ को यह कहते हुए हिरासत में ले लिया कि वे पुलिस हैं और आपको पायधुनी पुलिस स्टेशन आना होगा। उनमें से एक ने उनसे नकदी से भरा बैग लिया और चला गया। दूसरे व्यक्ति ने उसे थाने ले जाने के बहाने चलने को कहा। कुछ देर बाद वह उसे कालबादेवी की ओर ले जाने लगा। इस बात का संदेह होते ही वह जोर से चिल्लाया। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. आरोपी का नाम शफी अलीचेरी हुसैन है. शफी केरल का रहने वाला है और फिलहाल पुलिस हिरासत में है. इसकी गहनता से जांच की जा रही है. उसके फरार साथी का नाम सलीम है और पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने कहा कि चूंकि सलीम 30 लाख रुपये लेकर भाग गया, इसलिए अपराध से प्राप्त रकम अभी तक बरामद नहीं हुई है।






## लोकल ट्रेन में आभूषणों से भरा बैग चोरी

- एसटीएफ और अपराध शाखा ने ठाणे से 4 लोगों को किया गिरफ्तार
- 2 नाबालिगों को पालक के हवाले किया गया

**कल्याण.** चलती लोकल ट्रेन से 7 किलो चांदी और 20 ग्राम सोने के आभूषण चुराने वाले 4 अभियुक्तों को एसटीएफ और कल्याण जीआरपी की अपराध शाखा की टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से 7 लाख 37 हजार 277 रुपये का माल बरामद किया है। जीआरपी अपराध शाखा के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अरशुद्दीन शेख ने बताया कि कोलसेवाड़ी, कल्याण के रहने वाले सखाराम राजेश सालुंखे नामक व्यापारी सीएसएमटी से कल्याण आ रहे थे। उन्होंने लोकल ट्रेन की लगेज बोगी में बैग रखा हुआ था। इसी बीच ठाकुर्ली स्टेशन के पहले किसी अज्ञात चोरों ने बैग चुरा लिया। घटना की शिकायत डोंबिवली लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मामले की जांच लोहमार्ग की अपराध शाखा को सौंपी गई। अपराध शाखा के पुलिस उपनिरीक्षक दीपक शिंदे, प्रकाश चौगुले, सहायक पुलिस निरीक्षक कृष्णराव चव्हाण, रविंद्र दरेकर और अक्षय चव्हाण आदि पुलिसकर्मियों ने सीएसएमटी से लेकर ठाकुर्ली स्टेशन तक सभी सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तकनीकी जांच पड़ताल और गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि लगेज बोगी से दो से तीन लोग आभूषण का बैग लेकर उतर गए थे। अपराध शाखा की टीम ने ज्ञानसाधना कालेज, कोपरी से एक आरोपी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान चार लोगों का नाम सामने आया, जिसमें दो नाबालिग लड़के है। पुलिस ने ठाणे के वागले स्टेट से अल्तमश रज्जाक खान और शुभम संदीप ठसाले को गिरफ्तार कर 7 किलो चांदी व 20 ग्राम सोने के आभूषण बरामद कर लिया। शेख ने कहा कि दोनों नाबालिग आरोपियों को उनके पालकों के हवाले कर दिया गया है, जिन्हें चार्जशीट के समय तलब किया जाएगा।



## कंगना ने पाली हिल वाला बंगला बेचा



- 2020 में BMC ने यहीं की थी तोड़फोड़
- 2017 में 20 करोड़ में खरीदा था

भाजपा सांसद और बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट बीते काफी वक्त से अपनी अपकमिंग फिल्म 'इमरजेंसी' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने मुंबई में 1 करोड़ 56 लाख रुपए में ऑफिस स्पेस खरीदा था।

वहीं अब सुनने में आया है कि कंगना ने मुंबई के बांद्रा के पाली हिल इलाके में स्थित अपना बंगला 32 करोड़ रुपए में बेच दिया है। इस बात की जानकारी रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स से मिली है।

कोयंबटूर की श्वेता बथीजा ने खरीदा बंगला डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक कंगना ने इस बंगले को सितंबर 2017 में 20 करोड़ रुपए में खरीदा था। अब इसने बेचकर उन्होंने 12 करोड़ रुपए का प्रॉफिट हुआ है।

प्रॉपर्टी के इन डॉक्यूमेंट्स में खरीददार का नाम भी शामिल है। बंगले को कमलिनी होल्डिंग्स की पार्टनर श्वेता बथीजा ने खरीदा है, जो तमिलनाडु के कोयंबटूर में रहती हैं। 5 सितंबर को हुआ डील का रजिस्ट्रेशन डॉक्यूमेंट्स की मानें तो एक्ट्रेस का यह बंगला 3,075 वर्ग फुट में फैला है और इसमें 565 वर्ग फुट का पार्किंग स्पेस भी है। इस डील का रजिस्ट्रेशन 5 सितंबर को हुआ है। जिसके लिए 1.92 करोड़ रुपए की स्टाम्प ड्यूटी और 30 हजार रुपये रजिस्ट्रेशन फीस भी चुकाई गई।

BMC ने की थी तोड़फोड़ पाली हिल स्थित कंगना की यह वहीं प्रॉपर्टी है जिसको सितंबर 2020 में BMC ने नुकसान पहुंचाया था। तब अनधिकृत निर्माण के आधार पर उनके बंगले में तोड़फोड़ की गई थी।

### छोटी अदालतों का अनुवादक 25 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**मुंबई.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने सोमवार को एक मामले को निपटाने के लिए एक होटल व्यवसायी से 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में लघु दावा अदालत में एक अनुवादक और दुभाषिया विशाल सावंत को गिरफ्तार किया। आरोपी लोक सेवक विशाल सावंत ने शिकायतकर्ता से यह कहकर 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी कि वह दावे का निपटारा उसके पक्ष में कर देगा. शिकायतकर्ताओं ने इस मामले की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक विभाग, मुंबई कार्यालय में दर्ज कराई। 9 सितंबर को शिकायत का सत्यापन किया गया। इसमें पाया गया कि सावंत ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला कराने के लिए 25 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी. तदनुसार, एसीबी ने तुरंत इस मामले में जाल बिछाया। सावंत को 25 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था.






यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099